राष्ट्रीय सहारा
राष्ट्रीयता ■ कर्त्तव्य ■ समर्पण
नई दिल्ली । मंगलवार • 3 मार्च • 2020 राष्ट्रीय सहारा www.rashtriyasahara.com

सीबीएसई की 12वीं परीक्षा

फिजिक्स के ट्रिकी सवालों में उलझे परीक्षार्थी

नई दिल्ली (एसएनबी)। सोमवार को देशभर में आयोजित केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड(सीबीएसई) की बारहवीं की फिजिक्स की परीक्षा में परीक्षार्थी ट्रिकी सवालों में उलझते रहे। परीक्षा कुल सत्तर अंको की थी और पेपर में कुल 37 प्रश्न थे। इसमें एक अंक के 20 प्रश्न, 2 अंको के सात प्रश्न, 3 अंकों 7 प्रश्न और 5 अंक वाले तीन प्रश्न शामिल हैं।

परीक्षार्थी करण और समय ने बताया कि परीक्षा में कुछ ट्रिकी सवाल थे, जिसे हल करने में दिक्कत हुई। इसी प्रकार ईशिता ने बताया कि पेपर थोड़ा ट्रिकी था। पीतमपुरा स्थित एमएम पब्लिक स्कूल की फिजिक्स की सब्जेक्ट एक्सपर्ट शिवांगी कथूरिया ने बताया कि इस बार फिजिक्स परीक्षा का फॉर्मेट बदला है। पिछले साल की परीक्षा में 1 अंक के 5 प्रश्न, 2 अंक वाले 7 प्रश्न और 3 अंक वाले 12 प्रश्न थे। इस प्रकार इस बार एक अंक वाले प्रश्नों की संख्या बढ़ा दी गई और तीन अंकों वाले प्रश्न कम कर दिए गए। इसके अलावा प्रश्न पत्र सैंपल पेपर के अनुसार नहीं था। एक अंक वाले प्रश्न बोर्ड के सैंपल पेपर के हिसाब से नहीं आए। एजर्शन रीजन व ट्रू- फॉल्स वाले प्रश्न नहीं हैं। सैंपल पेपर इसलिए होता है कि इससे फॉर्मेट पता चले। पेपर में करीब 10 नंबर के प्रश्न ट्रिकी थे। पांच अंक वाले हर प्रश्न में ए-पार्ट आसान व बी-पार्ट मुश्किल थे। परीक्षार्थी पेपर को लेकर ज्यादा संतुष्ट नहीं थे। पेपर ईजी था, लेकिन यह ट्रिकी था। हालांकि बीते साल से पेपर अच्छा था।



उत्तर पूर्वी दिल्ली के हिंसा प्रभावित क्षेत्र चांद बाग में सीबीएसई बोर्ड की की परीक्षा देकर बाहर आए छात्र पेपर का एक-दूसरे से मिलान करते हुए। फोटो : अनिल सिन्हा